# कार्यालय नगर आयुक्त,नगर निगम रूद्रपुर (ऊधमसिंहनगर)

Tel--05944-242400 e-mail:- nagarnigamrudrapur@gmail.com visit-www.nagarnigamrudrapur.com


## "ई–निविदा सूचना"

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम, रूद्रपुर में 01 वर्ष की अवधि के लिये कीटनाशक दवाओं की आपूर्ति हेतु पूर्व में पत्रांक 272 दिनांक 01 मई, 2025 में आमंत्रित निविदा को निरस्त करते हुए दिनांक 03.06.2025 की प्रातः 11:00 बजे से दिनांक 16.06.2025 की सांय 05:00 बजे तक दोहरी निविदा प्रणाली (तकनीकी एवं वित्तीय निविदा) के नवीन ई–निविदा आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 17.06.2025 को दोपहर 12:00 बजे निविदा समिति द्वारा खोली जायेगी। ई–निविदा के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी /शर्ते उत्तराखण्ड शासन की वेबसाइट www.uktenders.gov.in तथा नगर निगम, रूद्रपुर की वेबसाइट www.nagarnigamrudrapur.com से डाउनलोड की जा सकती है। ई–निविदा के सम्बन्ध में किसी भी कार्य दिवस पर प्रातः 10:00 बजे से सांय 05:00 बजें तक स्वास्थ्य अनुभाग नगर निगम, रूद्रपुर में सम्पर्क किया जा सकता है। किसी भी निविदा अथवा समस्त निविदाओं को बिना कोई कारण बताये निरस्त करने का अधिकार नगर आयुक्त, नगर निगम, रूद्रपुर में निहित होगा।

| | |
|---|---|
| –ह0– | –ह0– |
| (नरेश दुर्गापाल) | (विकास शर्मा) |
| नगर आयुक्त | महापौर |
| नगर निगम, रूद्रपुर, (ऊ0सिं0 नगर) | नगर निगम, रूद्रपुर, (ऊ0सिं0 नगर) |


# कार्यालय नगर निगम रूद्रपुर (ऊधमसिंहनगर)

Tel--05944-242400 E-mail:- nagarnigamrudrapur@gmail.com Visit-www.nagarnigamrudrapur.com


पत्रांक – 620 /अधि0अनु0/2025–26 दिनांक– 02 जून, 2025

**प्रतिलिपिः**– निम्न कों सूचनार्थ एवं नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।

1. कार्यालय जिलाधिकारी, ऊधमसिंह नगर ।
2. कार्यालय मुख्य विकास अधिकारी, ऊधमसिंह नगर।
3. कार्यालय वरिष्ठ कोषाधिकारी, ऊधमसिंह नगर।
4. कार्यालय उपजिलाधिकारी, ऊधमसिंह नगर।
5. कार्यालय नगर निगम, रूद्रपुर, ऊधमसिंह नगर।
6. सम्पादक, दैनिक समाचार पत्र ......हिन्दुस्तान...... एवं ......अमर उजाला...... को इस आशय से प्रेषित कि उपरोक्त ई–निविदा सूचना को 6X8 सेमी0 साईज में अपनी व्यवसायिक दरों में 30 प्रतिशत या उससे अधिक छूट देते हुए अपने समाचार पत्र के आगामी अंक मे प्रकाशन का कष्ट करें तथा भुगतान हेतु बिल के साथ समाचार पत्र की दो प्रति सहित इस कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
7. श्री विनोद कुमार, बहुद्देशीय कर्मी, नगर निगम रूद्रपुर को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उपरोक्त निविदा सूचना एव निविदा की शर्तों को नगर निगम, रूद्रपुर की वेबसाइट www.nagarnigamrudrapur.com पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।

(नरेश दुर्गापाल)
नगर आयुक्त
नगर निगम, रूद्रपुर
ऊधमसिंह नगर

# कार्यालय नगर निगम रूद्रपुर (ऊधमसिंहनगर)

Tel 05944-242400 E-mail-nagarnigamrudrapur@gmail.com Visit-www.nagarnigamrudrapur.com


## नगर निगम रूद्रपुर में 01 वर्ष (वित्तीय वर्ष 2025–26) के लिये कीटनाशक दवाईयों की आपूर्ति हेतु ई–निविदा

निविदा प्रपत्र मूल्य रू0 3000+540 (GST 18%)=3,540.00

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम, रूद्रपुर द्वारा 02 बिड प्रक्रिया (तकनीकी एवं वित्तीय) के अन्तर्गत ई–निविदा के माध्यम से 01 वर्ष के लिए कीटनाशक दवाईयों की दरें आमंत्रित करने हेतु इच्छुक निर्माताओं/फर्मो/एजेन्सीयों से निम्न की–डेट्स के अनुसार ई–निविदायें आमंत्रित की जाती है–

| S.No. | Schedule/Information | Date | Time |
|---|---|---|---|
| 1. | Date Of Online Publication | 03/06/2025 | 11:00 am |
| 2. | Documents Download Start Date | 03/06/2025 | 11:00 am |
| 3. | Bid Submission Start Date | 03/06/2025 | 11:00 am |
| 4. | Bid Submission End Date | 16/06/2025 | 05:00 pm |
| 5. | Submission of Hard/Original Copy of Documents: End Date | 17/06/2025 | 11:00 am |
| 6. | Bid Opening Date | 17/06/2025 | 12:00 pm |

वांछित कीटनाशक दवाईयों का विवरण निम्नवत् है–

| क्र.सं. | सामग्री का नाम | प्रयोग | दर |
|---|---|---|---|
| 1. | Deltamethrin2.5% WP | Used for Indoor Residuel Spray | Per Kg |
| 2. | Pyrethrum Extract 2% | Used for Indoor Space Spray | Per Ltr |
| 3. | Cyphenothrin 5% EC | Used for Outdoor Thermal Spray | Per Ltr |
| 4. | Glyphsate 41% SL | Herbicidal Spray | Per Ltr |
| 5. | Malathion Dust 5% WP | Dusting of Breeding Place of House Fly | Per Kg |
| 6. | Bleaching Powder | Bactericide Liquid | Per Kg |
| 7. | EM Solution | Beneficial bacteria breakdown organic | Per Ltr |
| 8. | Temephos (Organophosphate 50 % EC) | Larvicide Spray | Per Ltr |
| 9. | Chuna Powder | Dusting of Breeding Place of House Fly | Per Kg |

**निविदा की शर्ते निम्नवत् है–**

1. कीटनाशक/रसायनों की आपूर्ति हेतु आमंत्रित दरें अनुबन्ध गठित होने से 01 वर्ष के लिए मान्य होंगी। आपूर्ति संतोषजनक पाये जाने पर जनहित में 01 वित्तीय वर्ष हेतु अवधि विस्तारित किया जा सकता है।
2. वित्तीय निविदा BOQ प्रारूप में रहेगी, तथा निविदादाता का चुनाव न्यूनतम प्रस्तुत दर के आधार पर किया जायेगा। निविदादाता को अपनी दरें समस्त करों सहित BOQ में अंकित करनी होंगी।

3. प्रत्येक निविदादाता को एक ही निविदा Submit/डालने का अधिकार होगा। एक से अधिक निविदा Submit/डालने पर निविदादाता द्वारा प्रस्तुत समस्त निविदाओं को निरस्त कर दिया जायेगा।

4. ई–निविदा दो भागों में (तकनीकी एवं वित्तीय) डाली जायेगी। सर्वप्रथम तकनीकी निविदा खोली जायेगी एवं तकनीकी निविदा में अर्ह निविदादाताओं की ही वित्तीय निविदा खोली जायेगी।

5. ई–निविदा की अनुमानित लागत रू0 50,00,000.00(पचास लाख रूपये मात्र) अधिकतम है। सफल निविदादाता को अनुबन्ध होने की तिथि से आगामी 01 सप्ताह के अन्दर कार्यपूर्ति प्रतिभूति धरोहर राशि के रूप में रू0 2,50,000.00 (दो लाख पचास हजार रूपये मात्र) की एफडीआर जो नगर आयुक्त, नगर निगम, रूद्रपुर के पदनाम बन्धक हो, को नगर निगम रूद्रपुर कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा, जिसे अनुबन्ध की अवधि समाप्त होने के 01 माह बाद नियमानुसार अवमुक्त किया जा सकता है।

6. बिड डालने हेतु निम्न प्रपत्र अपलोड करने अनिवार्य होगें किसी भी वांछित प्रपत्र के अपलोड न होने की स्थिति तथा अपठनीय होने की दशा में बिड निरस्त कर दी जायेगी–

I. निविदादाता को निविदा की धरोहर धनराशि रू0 1,00,000.00 (एक लाख रूपये मात्र) की एफडीआर/ एनएससी जो नगर आयुक्त, नगर निगम, रूद्रपुर के पदनाम बन्धक हो, को तकनीकी निविदा के साथ की–डेट्स के अनुसार मूल रूप में संलग्न करना अनिवार्य होगा तथा उसे स्कैन कर अपलोड करना अनिवार्य होगा।

II. निविदा प्रपत्र उत्तराखण्ड शासन की वेबसाइट www.uktenders.gov.in पर डाउनलोड व अपलोड किये जायेगें तथा निविदा की शर्ते उपरोक्त वेबसाईट के साथ–साथ नगर निगम, रूद्रपुर की वेबसाइट www.nagarnigamrudrapur.com पर भी देखी जा सकती है। निविदा प्रपत्र वेबसाइट से डाउनलोड किये जाने की दशा में निर्धारित निविदा प्रपत्र मूल्य रू0 3,000+ 540 (GST 18%)=3,540.00 (तीन हजार पाँच सौ चालीस रूपये मात्र) का बैंक डिमाण्ड ड्राफ्ट जो नगर आयुक्त, नगर निगम, रूद्रपुर के नाम हो, तकनीकी निविदा के साथ की–डेट्स के अनुसार मूल रूप में संलग्न करना अनिवार्य होगा। उक्त डिमाण्ड ड्राफ्ट को स्कैन कर अपलोड करना होगा। निविदा प्रपत्र मूल्य केवल डिमाण्ड ड्राफ्ट के रूप में ही स्वीकार्य होगा।

III. निविदादाता को आयकर पंजीकरण प्रमाण पत्र (पैन कार्ड) को स्कैन कर अपलोड करना अनिवार्य होगा।

IV. निविदादाता को जी0एस0टी0 पंजीकरण के प्रमाण पत्र को स्कैन कर अपलोड करना अनिवार्य होगा

V. निविदादाता को विगत 04 वित्तीय वर्षों (2020–21, 2021–22, 2022–23 व 2023–24) में से किन्ही 03 वर्ष के आई0टी0आर0 को स्कैन कर अपलोड करना होगा।

VI. निविदादाता को विगत 04 वित्तीय वर्षों (2021–22, 2022–23, 2023–24 व 2024–25) में से किन्ही 03 वित्तीय वर्षो का सी0ए0 द्वारा प्रमाणित वार्षिक टर्न ओवर का प्रमाण पत्र (UDIN सहित) प्रस्तुत करना अनिवार्य है, जिसमें प्रत्येक वर्ष का टर्न ओवर रू0 1,00,00,000.00 (एक करोड़ रूपये मात्र) होना चाहिए, जिसके प्रमाण पत्र को स्कैन कर अपलोड करना अनिवार्य होगा।

VII. निविदादाता के पास कीटनाशक दवाईयों की आपूर्ति के सम्बन्ध में ISO प्रमाणपत्र (जिस पर लागू हो) होना अनिवार्य होगा, जिसकी प्रति स्कैन कर अपलोड करानी होगी।

VIII. निविदादाता को रू0 100.00 के नोटरीकृत शपथ–पत्र प्रस्तुत करना होगा कि, पूर्व में उसकी फर्म को सम्पूर्ण भारतवर्ष में किसी भी संस्था/विभाग द्वारा काली सूची में नहीं डाला गया है, को स्कैन कर अपलोड करना होगा तथा तकनीकी निविदा के साथ उसकी मूल प्रति तकनीकी निविदा के साथ संलग्न करनी होगी।

IX. निविदा को रू0 100.00 का नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर को स्कैन कर अपलोड करना होगा तथा तकनीकी निविदा के साथ उसकी मूल प्रति तकनीकी निविदा के साथ संलग्न करनी होगी।

X. निविदादाता द्वारा आपूर्ति की जाने वाली कीटनाशक दवाईयां डब्लू0 एच0 ओ0 द्वारा निर्धारित मानकों के तहत स्वीकृत होनी चाहिए (जिस पर लागू हो), जिस सम्बन्ध में डब्लू0 एच0 ओ0 प्रमाणपत्र को स्कैन कर अपलोड कराना अनिवार्य होगा।

XI. निविदादाता को आपूर्ति की जाने वाली दवाईयों का अधिकृत डीलर होना अनिवार्य होगा, जिसका प्रमाणपत्र स्कैन कर अपलोड करना अनिवार्य होगा।

XII. निविदादाता को किसी भी सरकारी/अर्द्धसरकारी कार्यालयों/निगमों में विगत 04 वित्तीय वर्षों (2021–22, 2022–23, 2023–24 एवं 2024–25) में किन्ही 03 वित्तीय वर्ष (प्रत्येक वित्तीय वर्ष में न्यूनतम 01 कार्यादेश) में कीटनाशक दवाईयों की आपूर्ति के कार्यादेशों की प्रमाणित छायाप्रति एवं सन्तोषजनक आपूर्ति करने का प्रमाण पत्र को स्कैन कर अपलोड करना होगा।

XIII. निविदादाता के पास कीटनाशक दवाओं के विक्रय हेतु किसी सक्षम अधिकारी द्वारा निर्गत वैद्य लाइसेंस होना अनिवार्य है, जिससे सम्बन्धित प्रमाण पत्र की प्रति को स्कैन कर अपलोड करना अनिवार्य होगा।

7. निविदा के साथ संलग्न किये जाने वित्तीय अभिलेख/प्रमाण पत्र की वैधता अवधि निविदा डालने (Bid Submition Date) की तिथि से अग्रिम 90 दिनों तक के लिए होनी अनिवार्य है।
8. अनुबन्ध गठित होने से 01 वर्ष की अवधि में कीटनाशक दवाईयों की आपूर्ति हेतु सफल निविदादाता को समय–समय पर पृथक से आवश्यकतानुसार कार्यादेश निर्गत किया जायेगा। उक्त अवधि में कीटनाशक दवाईयों का मांग आवश्कतानुसार घट या बढ़ भी सकती है।
9. सफल निविदादाता को नगर निगम रूद्रपुर द्वारा कार्यादेश जारी किए जाने के तीन कार्य दिवस के भीतर वांछित कीटनाशक दवाओं की आपूर्ति करनी होगी, अन्यथा की दशा में नगर निगम रूद्रपुर सफल निविदादाता का अनुबन्ध निरस्त करने हेतु स्वतंत्र होगा, जिस पर सफल निविदादाता का किसी भी प्रकार का दावा स्वकार्य नहीं होगा।
10. किसी भी निविदा अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार नगर आयुक्त, नगर निगम, रूद्रपुर में निहित होगा।
11. निविदा खोले जाने की तिथि को सार्वजनिक अवकाश होने की स्थिति में निविदा अगले कार्य दिवस में नियत समय पर ही खोली जायेगी।
12. अनुबन्ध में वर्णित शर्तों के इतर सफल निविदादाता की कोई शर्त एवं दावा मान्य नहीं होगा।

13. किसी भी विवाद की स्थिति में नगर आयुक्त, नगर निगम, रूद्रपुर द्वारा दिया गया निर्णय सर्वमान्य होगा। यदि आपूर्तिकर्ता उस निर्णय से सहमत न हो तो प्रकरण आर्बीट्रेटर के माध्यम से निपटाया जायेगा। इस सन्दर्भ में जिलाधिकारी, ऊधमसिंहनगर आर्बीट्रेटर होगें। अपरिहार्य कारणों से जिलाधिकारी महोदय के आर्बीट्रेटर न होने की दशा में उनके द्वारा आर्बीट्रेटर नियुक्त किया जायेगा।

14. आर्बीट्रेटर का निर्णय दोनों पक्षों को मान्य होगा। आर्बीट्रेटर के न्यायालय में पक्षकार अपने दावों के समर्थन में जो भी अभिलेख प्रस्तुत करेगें, उसका वहन पक्षकारों द्वारा स्वयं किया जायेगा। आर्बीट्रेटर की फीस का वहन पक्षकारों द्वारा आधा–आधा वहन करना होगा।

नोट– निविदादाता को मात्र क्रम संख्या 6(i), 6(ii), 6(viii) एवं 6(ix) पर अंकित अभिलेख ही मूल रूप में तकनीकी निविदा के साथ संलग्न करने होंगे तथा शेष अभिलेखों को स्कैन कर अपलोड करना अनिवार्य होगा।

| | | |
|---|---|---|
| प्र0 स्वास्थ्य लिपिक<br>नगर निगम, रूद्रपुर | (संजू नबियाल)<br>सहायक नगर आयुक्त<br>नगर निगम, रूद्रपुर | (जुबक मोहन सक्सेना)<br>वरिष्ठ वित्त अधिकारी<br>नगर निगम, रूद्रपुर |
| (शिप्रा जोशी पाण्डेय)<br>उप नगर आयुक्त<br>नगर निगम, रूद्रपुर | (नरेश दुर्गापाल)<br>नगर आयुक्त<br>नगर निगम, रूद्रपुर | (विकास शर्मा)<br>महापौर<br>नगर निगम, रूद्रपुर |